is question paper contains 6 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

No. of Question Paper : **305**

ique Paper Code : **205540** **H**

me of the Paper : **Hindi (B) (हिंदी 'ख')**

me of the Course : **B.A. (Prog.)**

mester : **V**

ration : **3 Hours** Maximum Marks : 75

(इस प्रश्नपत्र के मिलते ही ऊपर दिये गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए)

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

किन्हीं दो अनुच्छेदों के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

8 + 8 = 16

(क) जल्द-जल्द पैर बढ़ाओ, आओ, आओ !

आज अमीरों की हवेली

किसानों की होगी पाठशाला

धोबी, पासी, चमार, तेली

खोलेंगे अँधेरे का ताला,

एक पाठ पढ़ेंगे टाट बिछाओ।

P.T.O.

(i) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है और इसके रचनाकार कौन हैं ?

(ii) 'अँधेरे का ताला' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(iii) 'टाट बिछाओ' से कवि किस ओर संकेत कर रहा है ?

(iv) अज्ञान का ताला कौन खोलेगा ?

(ख) एक ही समय में, एक ही शहर में, साहित्य की नई दिशा देने वाले ये दो महारथी-एक-दूसरे से कितने पृथक थे। एक को, इतिहास के सड़े-गले पन्नों से नए-नए पात्र ढूँढ़ निकालने और उनमें फिर से प्राणप्रतिष्ठा करने की व्याकुलता थी—वेद, पुराण, इतिहास जहाँ से जो कुछ अलौकिक जँचा, उसे लिया और उसे अमरता दे दी। दूसरे को, अपने गाँव, मोहल्ले या शहर में उसकी आँखों के सामने चलने-फिरने वालों के जीवन में ही रस मिलता था और उन्हीं को नाना रूप में सजाकर, सँवारकर लोगों के सामने उपस्थित करने में उसे मजा आता था। यह कहता था, 'गड़े मुर्दे को क्या उखाड़ रहे हो-देखो, इन्हें। क्या तुम्हारी कला के ये हकदार नहीं हैं ?' इस पर वह मुस्करा पड़ता था, किन्तु उसकी

लेखनी कहती थी, जमाना आने दो, फिर दोनों का मूल्य निर्धारित हो जाएगा ! और जमाने ने बता दिया है, दोनों ने साहित्य को ऐसी निधि दी है, जिसका मूल्य आँका नहीं जा सकता ! अपने-अपने क्षेत्र में दोनों अनुपम हैं—दोनों ध्रुव कभी मिलते नहीं किन्तु दोनों में आकर्षण है, अपने-अपने ढंग का।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है और इसके लेखक कौन हैं ?

(ii) लेखक ने प्रसाद और प्रेमचंद को साहित्य की नई दिशा देने वाले 'महारथी' क्यों कहा है ?

(iii) किस लेखक ने 'वेद पुराण, इतिहास जहाँ से जो अलौकिक जँचा उसे लिया' और साहित्य में स्थान देकर उसे अमर बना दिया ?

(iv) 'गड़े मुर्दे को क्या उखाड़ रहे हो' का प्रयोग यहाँ किस आशय से किया गया है ?

(ग) जगदीश बाबू का मुँह क्रोध के कारण तमतमा गया, शब्दों पर अधिकार नहीं रह सका। मदन 'प्रैस्टिज' का अर्थ समझ

सकेगा या नहीं यह भी उन्हें ध्यान नहीं रहा, पर म बिना समझाये ही सब कुछ समझ गया था। जिसने कच्ची उम्र में ही दुनिया को समझने की हिम्मत कर हो, वह क्या एक क्षुद्र शब्द का अर्थ भी नहीं समझ सकेगा मदन को जगदीश बाबू के व्यवहार से गहरी चोट ल मैनेजर से सिरदर्द का बहाना कर वह घुटनों में सर दे क में सिसकियां भर-भर रोता रहा। घर-गाँव से दूर, ऐसी परि में मदन का जगदीश बाबू के प्रति आत्मीयता-प्रदर्शन स्वाभ ही था। इसी कारण आज प्रवासी जीवन में पहली बा लगा जैसे किसी ने उसे ईजा की गोदी से, बाबा की से और दीदी के आंचल की छाया से बलपूर्वक खींच हो।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लि

(ii) जगदीश बाबू का मुँह क्रोध से क्यों तमतमा उठ

(iii) जगदीश बाबू के व्यवहार से मदन पर क्या पड़ा ?

(iv) 'मदन बिना समझाए ही सब कुछ समझ गया था स्पष्ट कीजिए।

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 3 = 9

(क) 'संयुक्त परिवार' कविता में कवि ने किस समस्या पर मुख्य रूप से प्रकाश डाला है ? (संयुक्त परिवार)

(ख) गाँधीजी ने यह क्यों कहा कि अंग्रेजों का प्रभुत्व खत्म करके ही राष्ट्रीय आत्मसम्मान की रक्षा की जा सकती है ? (गाँधी जी और भाषा-समस्या)

(ग) लेखक को अन्य कॉफी हाउसों की तुलना में दिल्ली का कॉफी हाउस एक सराय क्यों लगा ? (कॉफी हाउस)

(घ) राहुलजी ने कितनी बार और किन कारणों से तिब्बत की यात्रा की ? (स्वयंभू महापंडित)

(ङ) बदलते परिवेश और पीढ़ियों ने किताब के बारे में किस तरह का दृष्टिकोण बना दिया है ? (किताब और नया हिसाब किताब)

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 6 = 18

(क) ब्रज भाषा **अथवा** हरियाणवी का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) खड़ी बोली की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) हिन्दी शब्द की उत्पत्ति बताते हुए उसका अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(घ) हिन्दी भाषा के विकास का सामान्य परिचय दीजिए।

4. किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 3 × 6 = 18

(क) देवनागरी लिपि का नामकरण

(ख) भाषा प्रयोग में लिपि की भूमिका

(ग) नागरी लिपि के मानकीकरण के आधार

(घ) देवनागरी लिपि के गुण और दोष

5. शब्दशक्ति का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए अभिधा शब्दशक्ति का महत्व बताइए। 6

**अथवा**

शब्दशक्ति कितने प्रकार की होती है ? किसी **एक** के विषय में विस्तार से लिखिए।

6. (क) 'चलते हैं नयनों के सधे बान' का लक्ष्यार्थ लिखिए। 4

(ख) 'अब सिर्फ एलबम में रहते हैं परिवार के सारे लोग एक साथ' व्यंग्यार्थ स्पष्ट कीजिए। 4